भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1256

30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ

विषयः नमो ड्रोन दीदी योजना

1256. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
श्री बी. के. पार्थसारथीः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत जिलेवार लाभार्थियों, वितरित किए गए और संचालित ड्रोन की संख्या कितनी रही;

(ख) आंध्र प्रदेश में प्रशिक्षण पूरा करने वाली, डीजीसीए से रिमोट पायलट सर्टिफिकेट (आरपीसी) प्राप्त करने वाली और बाद में ड्रोन खरीदने वाली महिलाओं की जिलेवार संख्या कितनी है;

(ग) रिमोट पायलट सर्टिफिकेट प्राप्त करने से पहले इस योजना के तहत आंध्र प्रदेश में ड्रोन दीदी के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्रों की औसत संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने योजना के तहत प्रशिक्षण के बाद ड्रोन दीदी द्वारा अर्जित आय संबंधी कोई सर्वेक्षण किया है; और

(ङ) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में ड्रोन दीदी द्वारा अर्जित आय का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) सरकार ने वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करने के लिए केंद्रीय क्षेत्रक योजना के रूप में 'नमो ड्रोन दीदी' को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य 15000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है ताकि कृषि उद्देश्य (उर्वरकों और कीटनाशकों को छिड़कने के लिए) के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान की जा सके। कुल 15,000 ड्रोन में से पहले 500 ड्रोन वर्ष 2023-24 में लीड फर्टिलाइजर कंपनियों (एलएफसी) द्वारा अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके खरीदे गए हैं और चयनित एसएचजी को वितरित किए गए हैं। शेष 14500 ड्रोन वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के

तहत प्रदान किए जाने हैं। पहले 500 ड्रोन के हिस्से के रूप में, आंध्र प्रदेश राज्य की महिला स्वयं सहायता समूह को 108 ड्रोन की आपूर्ति की गई है।

(ख) महिला स्वयं सहायता समूहों की 108 सदस्यों को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अधिकृत विभिन्न दूरस्थ पायलट प्रशिक्षण संगठनों (आरपीटीओ) में ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। आंध्र प्रदेश राज्य में आपूर्ति किए गए ड्रोन और प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों का जिलावार ब्यौरा **अनुबंध-I** पर संलग्न है।

(ग) आंध्र प्रदेश राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र 9-12 दिनों की अवधि की थी।

(घ) और (ङ) आंध्र प्रदेश राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों को मार्च 2024 में ड्रोन की आपूर्ति की गई है। इन ड्रोनों का वास्तविक उपयोग खरीफ 2024 सीजन में होगा, अत: आंध्र प्रदेश राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा ड्रोन सेवाओं और अर्जित आय का आकलन अभी तक उपलब्ध नहीं है।

अनुबंध- I

आंध्र प्रदेश राज्य में ड्रोन की आपूर्ति और प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों का जिलावार ब्यौरा

क्रम संख्या	जिला	आपूर्ति किये गये ड्रोनों की संख्या	ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की संख्या
1	अनकापल्ली	1	1
2	अल्लूरी सीतारामाराजू	1	1
3.	अनंतपुरम	5	5
4.	अन्नमय्या	5	5
5.	बापटला	6	6
6.	चित्तूर	6	6
7.	डॉ. बी आर कोनसीमा	1	1
8.	एलुरु	6	6
9.	गुंटूर	1	1
10.	काकीनाडा	4	4
11.	कृष्णा	7	7
12.	कुर्नूल	10	10
13.	नांदयाल	9	9
14.	एनटीआर	3	3
15.	पालनाडु	4	4
16.	प्रकाशम	6	6
17.	एसपीएसआर नेल्लोर	5	5
18.	श्री सत्य साई	1	1
19.	श्रीकाकुलम	11	11
20.	तिरुपति	2	2
21.	पश्चिम गोदावरी	6	6
22.	वाईएसआर कडपा	8	8
	कुल	**108**	**108**

*****